# 75 YEARS OF THE UNITED NATIONS

The postage stamp is but a miniature sheet of the shared values and the special relationship between India and the United Nations. Department of Posts is delighted to release a Commemorative Postage Stamp on 75 years of the United Nations on 23rd October, 2020.

Earlier collaborations include stamps released by India on 24th October, 1954 on the occasion of the United Nations Day; on 24th October, 1985 to celebrate the 40th anniversary of the United Nations and on 26th June, 1995 to mark 50 years of the United Nations.

In the recent past, the United Nations Postal Administration (UNPA) released a set of stamps featuring endangered migratory species, from Gandhinagar, India on 17th February, 2020. A Definitive stamp was released by it on 2nd October, 2019 on the occasion of the 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi and a stamp on Diwali, the festival of lights, on 19th October, 2018. India Post and the UNPA jointly issued the *HeForShe* postage stamp to promote gender equality on 8th March, 2016.

India and the United Nations have an abiding commitment to multilateralism and dialogue as the key to achieving shared goals and addressing challenges faced by the global community.

As an active member of the United Nations, India has made significant contributions to implementing the goals of the UN Charter in peace building and peacekeeping, sustainable development, poverty eradication, environment, climate change, terrorism, disarmament, human rights, health and pandemics, migration, cybersecurity, space and frontier technologies like Artificial intelligence and reforms of the United Nations.

The Landmark Moments in this relationship include:

- 1945 India signed the United Nations Charter
- 1948 the Universal Declaration of Human Rights was adopted by India
- 1950 India was first elected to serve on the Security Council
- 1973 India signed the Biological Weapons Convention
- 1980 India signed the Convention on the Elimination of all Forms of Discrimination Against Women
- 1993 India signed the Chemical Weapons Convention
- 2000 India signed the Millennium Declaration
- 2007 2nd October, the birth anniversary of Mahatma Gandhi declared the International Day of Non Violence
- 2014 21st June Declared the International Day of Yoga
- 2015 India adopted the 17 Sustainable Development Goals
- 2015 India signed the Paris Agreement on global warming

The words *Vasudhaiv Kutumbakam*, "the whole world is a family", have often reverberated in the hall of the United Nations. In the raging times of the COVID-19 pandemic, India upheld this principle by supplying essential medicines to more than 150 countries. As the largest vaccine producing nation of the world, India committed itself at the 75th UN General Assembly in September, 2020 to help all humanity in fighting the crisis.

An anniversary is as much a time to look back as to move forward. As a country representing 18% of the world population which nurtures hundreds of languages and dialects, many sects and ideologies and is a leading economy, India is in particular a proponent of reform in the United Nations.

Department of Posts is pleased to issue a Commemorative Postage Stamp on United Nations on its 75th Anniversary.

**Credits:**

| | | |
|---|---|---|
| Stamp | : | Sh. Bramh Prakash |
| FDC | : | Smt. Alka Sharma |
| Brochure/Cancellation Cachet | : | Smt. Nenu Gupta |
| Text | : | Sh. Ashok Pal Singh |

डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS

संयुक्त राष्ट्र के 75 वर्ष
75 YEARS OF THE UNITED NATIONS

विवरणिका BROCHURE

# संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 75 वर्ष

यह डाक–टिकट, भारत और संयुक्त राष्ट्र के साझा मूल्यों और विशेष संबंधों का प्रतीक है। डाक विभाग, 23 अक्तूबर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए अत्यंत हर्षित अनुभव कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के संबंध में भारत की ओर से पहले भी डाक–टिकट जारी किए जा चुके हैं। इनमें संयुक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में 24 अक्तूबर, 1954 को जारी किया गया डाक–टिकट, संयुक्त राष्ट्र की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर 24 अक्तूबर, 1985 को जारी किया गया डाक–टिकट तथा इस संगठन के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 26 जून, 1995 को जारी किया गया डाक–टिकट शामिल हैं।

हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र डाक प्रशासन (यूएनपीए) ने 17 फरवरी, 2020 को गांधीनगर (भारत) में डाक–टिकटों का एक सेट जारी किया, जो विलुप्तप्राय प्रवासी प्रजातियों पर आधारित है। संयुक्त राष्ट्र डाक प्रशासन द्वारा 2 अक्तूबर, 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक नियत श्रृंखला का डाक–टिकट जारी किया और इससे पहले 19 अक्तूबर, 2018 को प्रकाश–पर्व, दीपावली पर भी एक डाक–टिकट जारी किया गया। महिलाओं और पुरुषों की बराबरी के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से भारतीय डाक और संयुक्त राष्ट्र डाक प्रशासन ने 8 मार्च, 2016 को 'ही फॉर शी' विषय पर भी संयुक्त डाक–टिकट जारी किया।

साझा लक्ष्यो की प्राप्ति और वैश्विक समुदाय की चुनौतियों का सामना करने की दिशा में बहुपक्षीय प्रयास तथा संवाद के प्रति भारत और संयुक्त राष्ट्र दृढ़ता से संकल्पबद्ध हैं।

संयुक्त राष्ट्र संगठन के सक्रिय सदस्य के रूप में भारत ने संयुक्त राष्ट्र घोषणा–पत्र के लक्ष्यों को कार्यान्वित रूप में हासिल करने की दिशा में विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान किया है, जिनमें शांति की स्थापना और इसे बरकरार रखना, दीर्घकालिक विकास, गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, निशस्त्रीकरण, मानवाधिकार, प्रवास, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष तथा आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकें तथा संयुक्त राष्ट्र में सुधार आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

भारत और संयुक्त राष्ट्र संगठन के दृढ़ संबंधों के सफर में कुछ ऐतिहासिक पल निम्नानुसार हैं :–

1945 भारत ने संयुक्त राष्ट्र घोषणा–पत्र पर हस्तााक्षर किए।

1948 भारत ने मानवाधिकार का वैश्विक घोषणा–पत्र अंगीकार किया।

1950 भारत को पहली बार सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में चुना गया।

1973 भारत ने जैविक हथियार करार पर हस्ताक्षर किए।

1980 भारत ने महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के भेद–भाव उन्मूलन के संबंध में करार पर हस्ताक्षर किए।

1993 भारत ने रसायनिक हथियार से संबंधित करार पर हस्ताक्षर किए।

2000 भारत ने सहस्राब्दी घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर किए।

2007 महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया गया।

2014 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया।

2015 भारत ने दीर्घकालिक विकास के 17 लक्ष्यों को स्वीकार किया।

2015 भारत ने ग्लोबल वार्मिंग से संबंधित पेरिस समझौता पर हस्ताक्षर किए।

वसुधैव कुटुंबकम, अर्थात् "समस्त विश्व एक परिवार के समान है" का उदघोष संयुक्त राष्ट्र की सभा में अनेकों बार गुंजायमान हुआ है। कोविड–19 की महामारी के इस महासंकट के दौर में, भारत ने इस सिद्वांत के अनुरूप 150 से भी अधिक देशों में आवश्यक दवाओं की आपूर्ति की है। विश्व के सबसे बड़े टीका उत्पादक देश होने के नाते, भारत ने सितंबर, 2020 में संयुक्त राष्ट्र की 75वीं महासभा में अपनी इस प्रतिबद्धता को प्रबलतापूर्वक अभिव्यक्त किया है कि वह इस आपदा से जूझने में संपूर्ण मानवता की हरसंभव मदद करने के प्रति संकल्पबद्ध है।

किसी भी संगठन की वर्षगांठ का अवसर उसकी उपलब्धियों पर नजर डालने के साथ–साथ भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अग्रसर होने का अवसर भी प्रदान करता है। विश्व की कुल आबादी के 18% का प्रतिनिधि होने के साथ–साथ सैकड़ों भाषाओं और बोलियों, अनेकानेक संप्रदायों और विचारधाराओं की भूमि और विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था वाला देश होने के नाते, भारत विशेषतः संयुक्त राष्ट्र में ढांचागत सुधार का प्रबल प्रस्तावक है।

डाक विभाग, संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है।

**आभार :**

| | |
|---|---|
| डाक–टिकट | : श्री ब्रह्म प्रकाश |
| प्रथम दिवस आवरण | : श्रीमती अलका शर्मा |
| विवरणिका / विरूपण कैशे | : श्रीमती नीनू गुप्ता |
| पाठ | : श्री अशोक पाल सिंह |


## तकनीकी आंकड़े
## TECHNICAL DATA

| | | |
|---|---|---|
| मूल्यवर्ग | : | 500 पैसे |
| Denomination | : | 500 p |
| मुद्रित डाक टिकटें | : | 500000 प्रत्येक |
| Stamps Printed | : | 500000 each |
| मुद्रण प्रक्रिया | : | वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : | Wet Offset |
| मुद्रक | : | प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : | Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html



मूल्य ₹ 5.00